
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)

अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# जो भी शिकायतें लंबित हैं उनका निस्तारण जल्द से जल्द करें

**जनता मिलन**

## मुख्य विकास अधिकारी ने जनता मिलन कार्यक्रम में अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों द्वारा सोमवार को 14 समस्याएं दर्ज कराई गई जिसमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी उसका त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित जनता मिलन/जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों द्वारा 14 समस्याएं जिसमें पानी, मुआवजा, सड़क आदि समस्याएं दर्ज की गई।

आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में ग्राम सुमाड़ी के प्रवीन लाल ने



शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि माह जुलाई में अत्यधिक बारिश से मोटर मार्ग के पुस्ता ढहने से उनकी छत पर गिर गया था जिस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी कार्यवाही नहीं की गई है। ग्राम रौठिया निवासी गिरीश सिंह ने राज्य, केंद्रीय वित्त व विधायक निधि के अंतर्गत हुए विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ग्राम सिल्ला सिंगोड गांव के राकेश थपलियाल ने मोटर मार्ग से क्षतिग्रस्त मकान व जमीन तथा सिल्लाबामणगांव के कलमू लाल ने जमीन का मुआवजा दिलाए जाने संबंधी प्रार्थना-पत्र दिया। पाबौ निवासी राजेंद्र सिंह ने रैंतोली-जसोली मोटर मार्ग में ठेकेदार द्वारा लेवर भुगतान न करने, सुमाड़ी निवासी जबर सिंह द्वारा पेयजल संयोजन उपलब्ध कराने की मांग की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनता मिलन कार्यक्रम में जो भी समस्याएं दर्ज कराई गई हैं उन समस्याओं का समयबद्धता के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी तरह से कोई विलंब न किया जाए। संबंधित शिकायत पर की गई कार्यवाही के संबंध में जिला कार्यालय एवं संबंधित आवेदनकर्ता को भी सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एल-1 एवं एल-2 के स्तर पर जो भी शिकायतें लंबित हैं उनका निस्तारण तत्परता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में एल-1 पर 109 तथा एल-2 पर 48 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि उनके स्तर पर जिन शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया है वह शीघ्रता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## न्यूज डायरी :

### 9 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जाएगा आयोजन

**संवाददाता** चमोली। जनपद के सभी न्यायालयों में 9 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमरनजीत कौर ने बताया कि 09 दिसम्बर को जिला न्यायालय परिसर गोपेश्वर, तथा बाह्य न्यायालय जोशीमठ, कर्णप्रयाग, थराली, पोखरी तथा गैरसैंण में आयोजित होने वाली लोक अदालत में फौजदारी के मामले, एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक कुटुम्ब न्यायालयों के मामले, श्रम,भूमि अर्जन के मामले, सिविल अपील व राजस्व के मामले, मनरेगा, विद्युत, जलकर के बिलों, बिक्रीकर, आयकर, वेतन भत्तों, वन आपदा प्रतिकर व अन्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सभी न्यायालयों से अधिक से अधिक संख्या में लंबित वादों का लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराने को अनुरोध किया है।

### पुरोला में तीन दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया जाएगा आयोजन

**संवाददाता** पुरोला। केंद्र व प्रदेश सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों के प्रचार प्रसार से जन-जन को रूबरू कराने को केंद्र संचार ब्यूरो एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय उत्तराखंड,भारत सरकार के तत्वाधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत प्रखंड के राजकीय इंटर कॉलेज पुरोला में तीन दिवसीय चित्र कला,लेख ,सांस्कृतिक प्रतियोगिता, दौड़ आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को सीबीसी सहायक निदेशक डा. संतोष आशीष ने कहा कि भारत के गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार विविधताओं से भरे देश को एक सूत्र में बांधा।

### साधना नाइट्रो केम लिमिटेड ने शानदार वित्तीय परिणाम घोषित किए

**संवाददाता** देहरादून। इंटरमीडिएट स्पेशलिटी केमिकल्स में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रमुख मैन्युफैक्चरर, साधना नाइट्रो केम लिमिटेड ने 26 अक्टूबर, 2023 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में 30 सितंबर को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को अप्रूव कर दिया है। कंपनी ने हाल ही में घोषणा की, कि साधना नाइट्रो केम लिमिटेड नाइट्रोबेंजीन से पैरा एमिनोफेनॉल बनाने वाला दुनिया का दूसरा प्लांट बना। कंसोलिडेटेड फाइनेंशियल परफॉर्मेंस कम्पैरिजन-फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही बनाम फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही- ऑपरेशन से रेवेन्यू 15 प्रतिशत बढ़ गया। एबिटा मार्जिन फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 12.42 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 1739 बीपीएस से 29.81प्रतिशत हो गया।

## फर्स्ट फ्रेंडशिप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच 5 नवंबर को होगा

**संवाददाता** चमोली। चमोली जिला मुख्यालय में प्रशासन द्वारा 24 सितंबर से फर्स्ट फ्रेंडशिप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। लीग नॉक आउट आधार पर चल रही इस प्रतियोगिता में अब तक 18 मैच खेले जा चुके है। जिसमें जिला प्रशासन चमोली और टीचर्स इलेवन चमोली की टीम ने फाइनल में जगह बना ली है। जिला प्रशासन टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अविजित रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया है।

गोपेश्वर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल मैच 29 अक्टूबर को खेले गए। पहला सेमीफाइनल मैच व्यापार संघ गोपेश्वर और टीचर्स इलेवन के बीच हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में टीचर्स इलेवन ने व्यापार संघ को दो रनों से पराजित करते हुए फाइनल में जगह बनाई। अपने हरफन प्रदर्शन के लिए टीचर्स इलेवन के खिलाड़ी गजेन्द्र को मैन ऑफ द मैच दिया गया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग चमोली के बीच हुआ।

जिला प्रशासन ने पहले खेलते हुए निर्धारित ओवरों में 134 रन का बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए शिक्षा विभाग की टीम 94 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिला प्रशासन ने 40 रनों से सेमीफाइनल मुकाबला जीतते हुए शानदार तरीके से फाइनल में प्रवेश किया। जिला प्रशासन की टीम के खिलाड़ी रोहित को दमदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। सचिवसिविल जज (सी.डि.) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग श्री रवि रंजन की अध्यक्षता में आज राजकीय इंटर कॉलेज बसुकेदार में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग, कृषि, पशुपालन, वन विभाग, समाज कल्याण एवं बाल विकास आदि विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए तथा जन सामान्य को निःशुल्क विभागीय जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया। सचिवसिविल जज (सी. डि.) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग श्री रवि रंजन द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न कानूनी जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से अक्षम एवं अक्षमताग्रस्त लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान करना है।

## भालू से घायल हुए बुर्जुग को चारपाई पर उठाकर 12 किमी पैदल सड़क मार्ग तालुका पंहुचाया

**संवाददाता** पुरोला। मोरी सुदूरवर्ती बडासु पट्टी के पंवाणी गांव एक 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति को भालू ने उस वक्त घायल कर दिया जब वह गांव के पास जंगल में भेड़ बकरिया चुंगानें गया था, ग्रामीणों व साथी भेड़ पालकों ने घायल बुर्जुग को चारपाई पर 12 किमी पैदल उठाकर रोड हेड पर तालुका पंहुचाया एवं वाहन से पीएचसी मोरी लाया गया बाद में मरहम-पट्टी के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

ढाटमीर गांव के राजपाल रावत ने बताया कि उनके पड़ोसी पंवाणी गांव के राय सिंह पुत्र तोताराम रविवार को भेड़ बकरी चुंगानें गांव के पास ही जंगल में गया था एवं देर सांय छह बजे घर

**चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखकर देहरादून रेफर कर दिया गया**

आते समय पंवाणी गांव के पंडारा नामें तोक के पास भालू ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गनीमत रही कि साथी चरवाहों ने भालू के चंगुल से अधेड़ को छुड़ाकर रात को गांव में पंहुचाया।

सोमवार सुबह परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घायल जय सिंह को पंवाणी से चारपाई पर उठाकर 12 किमी पैदल सड़क मार्ग तालुका पंहुचाया व बाद में यूटिलिटी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी लाया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखकर मरहम-पट्टी के बाद देहरादून रेफर कर दिया गया।

पंवाणी गांव निवासी व क्षेत्र पंचायत प्रमुख बचन पंवार ने कहा कि मोरी के बडासु,फतेह पर्वत,पंचगांई पट्टी के क्षेत्र में सेब बगीचों व भेड़ बकरी चराने वाले भेड़ पालकों पर हर वर्ष भालू के हमलों से दर्जनों ग्रामीण गंभीर घायल होते हैं। कई बार गोविंद पशु विहार के अधिकारियों व शासन से भालू से ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर उचित उपाय करने के बाबत लिखा गया है किंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई।

वहीं उप निदेशक गोविंद पशु विहार डा. अभिलाषा सिंह ने कहा कि पंवाणी गांव में भालू के हमलें से घायल अधेड़ व्यक्ति का परिजनों एवं वन कर्मियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी लाकर उपचार किया जा रहा है व मुआवजा की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।

## पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत बाल विकास परियोजना जखोली द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज पांजणा में पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी से भी अवगत कराया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी जखोली हिमांशु बडोला ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि आज राजकीय इंटर कॉलेज पांजणा में आयोजित कार्यक्रम के तहत छात्राओं के मध्य पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही छात्राओं को स्कूली बैग देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी से भी अवगत कराया गया। बताया कि पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से विभागीय योजनाओं का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में निकिता, मेघा व राधिका ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।